शोध-चिंतन पत्रिका: विद्वानों द्वारा पुनरीक्षित ई शोध पत्रिका
अंक: 8; जनवरी-जून,2024

अज्ञेय की राजनीतिक आन्दोलन सम्बंधी कहानियाँ : एक अवलोकन

गीतांजलि दास

शोध-सार :

अज्ञेय का रचनाकाल राजनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण काल रहा है। अज्ञेय का प्रारम्भिक जीवन क्रांतिकारी दल के साथ व्यतीत हुआ था। इनके क्रांतिकारी जीवन की अवधि सन् 1929 से प्रारंभ होकर सन् 1936 तक है। अज्ञेय और उनके साथियों का पहला कार्यक्रम भगत सिंह को छुड़ाने के लिए आयोजित किया गया था। दूसरा कार्यक्रम 'दिल्ली हिमालय टॉयलेट्स फैक्ट्री' के बहाने बम बनाने का काम करने का था। उस फैक्ट्री में अज्ञेय वैज्ञानिक सलाहकार थे। तीसरा कार्यक्रम, अमृतसर में ऐसी ही और एक फैक्ट्री कायम करने का शुरू हुआ और यही देवराज और कमलकृष्ण के साथ 15 नवम्बर, 1930 को अज्ञेय गिरफ्तार हुए। अज्ञेय के यौवन का अधिकांश समय इस प्रकार जेल जीवन और क्रांतिकारी सहयोगियों के बीच गुजरा था। इसकी अभिव्यक्ति हम उनकी कुछ कहानियों में देख सकते हैं।

बीज-शब्द : *कहानी, राजनीतिक, आन्दोलन, इतिहास, आतंकवाद*